# छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय प्रेस विज्ञप्ति

**दिनांक: 27-11-2021**

**स्थान: सेनेट हाउस, सी.एस.जे.एम.यू**

आज दिनांक 27 – 11- 2021 को छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय कानपुर द्वारा 'रोल ऑफ यूनिवर्सिटी इन ऑल राउंड डेवलपमेंट ऑफ टीचर्स एंड स्टूडेंट्स' विषय पर व्याख्यान का आयोजन विश्वविद्यालय के सीनेट हॉल में आयोजित किया गया। इस व्याख्यान कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि कुलपति प्रो. विनय कुमार पाठक, निदेशक डॉ राजेश दिवेदी, पी.एन कॉल, इंडियन थिंकर सोसाइटी हेड बलराम नरूला द्वारा दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया।

मुख्य अतिथि कुलपति प्रो. विनय कुमार पाठक ने सभी को बधाई देते हुए कहा कि भारतीय विचारक समिति में समाज के प्रति कार्य करने की लगन है। उन्होंने कहा कि मानव को अपना जीवन समाज कार्यों में जरुर लगाना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि शिक्षकों को अपने आपको नई तकनीकों के साथ अपडेट करते रहना चाहिए। साथ ही उन्होंने कहा हम सभी को अपने अंदर बदलाव लाने की जरूरत है। विश्वविद्यालय का कार्य सिर्फ शिक्षा देना नहीं, बल्कि जीवन का रसायन सिखाने का भी तरीका है। हमें अपने छात्रों के साथ समानता का भी व्यवहार करना चाहिए।

व्याख्यान के मुख्य वक्ता सीडीसी निदेशक डॉ राजेश दिवेदी ने इंडियन थिंकर सोसाइटी को इस तत्वाधान के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंनें बताया कि यह पहली समिति है जिसने विश्वविद्यालय के साथ मिलकर समाज के लिए बेहतर कार्य करने का संयुक्त तत्वाधान किया। उन्होंने यह भी कहा कि अगर शिक्षक अच्छे होंगे तो छात्रों का सर्वागीण विकास होगा। साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि विश्वविद्यालय ऑनलाइन एकेडमिक क्लास के लिए प्रयासरत है।

क्राइस्ट चर्च की शिक्षिका नीत कमल ने कहा कि टीचर अपने अंदर आइडिया और इनोवेशन को आगे लेकर आए और अगर हमें एक होकर काम करने की जरूरत है।

डीएवी कॉलेज की शिक्षिका प्रतिभा मिश्रा ने अपने वक्तव्य में कहा कि विश्वविद्यालय को ओरियंटेशन और रिफ्रेशर कोर्स की शुरुआत भी करनी चाहिए।

एसएन सेन कॉलेज की शिक्षिका डॉ. चित्रा सिंह ने छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय द्वारा छात्रों को दी जा रही सुविधाओं के बारे में विस्तार से बताते हुए यूनिवर्सिटी द्वारा किये जा रहे कार्यों की सराहना की।

महिला पीजी कॉलेज की शिक्षिका ममता दीक्षित ने बताया कि विश्वविद्यालय को फैकेल्टी और छात्र को सही अनुपात पर ध्यान देने की जरुरत है।

जुहारी देवी गर्ल्स कॉलेज की शिक्षिका डॉ अंजू ने बताया कि शिक्षा के क्षेत्र में विश्वविद्यालय गुणवत्ता शिक्षा प्रदान करने में मद करता है। विश्वविद्यालय प्रतियोगिता और अन्य कार्यक्रमों के लिए भी एक मंच प्रदान करता है। वि.वि समय-समय पर शिक्षकों को भी पुरस्कृत करता है।

डी.जी पी.जी कॉलेज की शिक्षिका सुनीता ने विषय की प्रासंगिकता को बताया और कहा कि भारत में टीचर को आत्ममंथन की आवश्यकता है। टीचर को अपने विषय के साथ-साथ जनरल चीजों को भी छात्रों को पढ़ाना चाहिए और मानवीय मूल्यों की संस्कृति को बढ़ावा देना आवश्यक है। वि.वि को एकेडमिक कॉलेज स्थापित करने की भी जरूरत है।

कार्यक्रम में एलन हाउस की छात्राओं ने गणेश वंदना प्रस्तुत की और इंदु ठाकुर ने सरस्वती वंदना की प्रस्तुति की। इस कार्यक्रम में इंडियन सिंगर सोसाइटी के नए मेंबरों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन जहरा फातिमा ने किया। इस कार्यक्रम में डॉ प्रवीण कटियार, डॉ हिना अफसान, उमेश चंद्र दीक्षित, आदि लोग मौजूद रहे।